# कछला में दो फुट बढ़ा गंगा का जलस्तर, बाढ़ को लेकर सतर्कता के निर्देश

## नरौरा बैराज से छह हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, विभागीय तैयारियां तेज, तटबंध पर डाला गया पत्थर, बांध की मरम्मत की

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मानसून की बारिश के बाद शुक्रवार को पहली बार कछला गंगा के जलस्तर में दो फुट की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बाढ़ खंड का कहना है कि शुक्रवार को नरौरा बैराज से करीब सवा छह हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो 24 घंटे के अंदर कछला गंगा में पहुंच जाएगा। उसके बाद गंगा के जलस्तर में और वृद्धि होने की आशंका है। ऊपर से छोड़ गए पानी को देखते हुए जिला प्रशासन ने विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

इन दिनों हर जगह मानसूनी बारिश हो रही है। पहाड़ों पर भी बारिश शुरू हो गयी है। बारिश का पानी सीधे हरिद्वार बैराज में आ रहा है। वहां से पानी बिजनौर डैम में पहुंच रहा है। बिजनौर डैम से छोड़ा गया कुछ पानी नरौरा बैराज में आकर गिर रहा है। इसलिए शुक्रवार को नरौरा से 6 हजार 255 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह पानी 24 घंटे के अंदर महावा नदी होते हुए कछला गंगा तक पहुंच जाएगा। इस समय भी कछला गंगा में दो फुट पानी ऊपर पहुंच गया है। बारिश का पानी सीधे गंगा में पहुंच रहा है जिससे जलस्तर में दो फुट की वृद्धि हुई है। जब नरौरा से छोड़ा गया पानी यहां पहुंचेगा तो जलस्तर तेजी से बढ़ेगा। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ खंड को निर्देशित किया है कि सतर्कता बनाए रखें। उसहैत इलाके में गंगा के तटवर्ती गांवों को फिलहाल कोई खतरा नहीं है। यदि बारिश तेज होती है और पहाड़ों से पानी तेजी से आता है तो और पानी छोड़ा जा सकता है।

कछला गंगा में जलस्तर बढ़ने से जिला प्रशासन ने गंगा किनारे दुकान लगाने वालों को वहां से हटाने के लिए कहा है। वह लोग अपना सामान भी समेट रहे हैं क्योंकि किसी भी समय पानी की धारा और चौड़ी हो सकती है। उसके बाद तटवर्ती लोगों को दिक्कत होगी।

### अभी खतरा नहीं

बाढ़ खंड ने उसहैत तटबंध पर मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया है इसलिए किसी तरह का खतरा नहीं है। तटबंध पर पत्थर डाला गया है। बांध पर मरम्मत करने के बाद उसका निरीक्षण भी कर लिया गया जो संतोषजनक रहा है। बाढ़ खंड ने अपने अधीनस्थों को निर्देशित किया है कि बांध पर हर दिन निगरानी की जाए।

> यदि नरौरा से 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है तो नदियों में उफान आता है और बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है लेकिन इस समय नरौरा बैराज से इतना पानी छोड़े जाने की आशंका नहीं है। अभी शुरुआत है। गंगा का जलस्तर बारिश पर भी निर्भर करता है। यदि बारिश कम हो जाती है तो नरौरा बैराज से फिलहाल कोई खतरा नहीं है।
>
> **-नेश पाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड


उसहैत क्षेत्र के अहमद नगर बछौरा गांव में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते एडीएम वित्त डा. वैभव शर्मा।

### दातागंज क्षेत्र में सुरक्षा इंतजामों पर ढील पर लगी फटकार

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व डा. वैभव शर्मा ने शुक्रवार को उसहैत क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर बछौरा, ललोमई, बेहटी में बाढ़ बचाव के लिए किये गए कार्यों का निरीक्षण किया। बाढ़ संवेदनशील गांवों का भ्रमण कर लोगों से बातचीत की। बाढ़ के बचाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उनके साथ में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार दातागंज, बाढ़ खण्ड के जेई भी थे। डा. वैभव शर्मा ने कहा कि दातागंज क्षेत्र में जिस पॉइंट पर अभी मरम्मत का कार्य अधूरा है, वह जल्द पूरा किया जाए जिससे बारिश के मौसम में वहां के लोगों को बाढ़ से बचाया जा सके। गुरुवार को सहसवान क्षेत्र में महावा नदी के तटबंधों की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे सिंचाई मंत्री को बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया था कि इस बार तीस लाख की लागत से जिले के नौ संवेदनशील प्वाइंटों को चिह्निनत कर उनकी मरम्मत कराई जानी थी। जिसमें से सहसवान उसहैत क्षेत्र के सभी चार चार प्वाइंटों की मरम्मत की जा चुकी है। जबकि दातागंज इलाके में एक स्थान पर मरम्मत का कार्य अभी जारी है। इस बात पर जिला प्रशासन ने शुक्रवार को बाढ़ खंड को निर्देशित किया कि दातागंज इलाके में जारी मरम्मत कार्य जल्द पूरा कराया जाए। मानसून की बारिश तेज हो रही है। बाढ़ खंड के जेई ने बताया कि दातागंज क्षेत्र में जिस संवेदनशील प्वाइंट पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है वहां पर चार से पांच दिन में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# पिछली बार के बाढ़ प्रभावितों को नहीं मिला मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तीन तहसीलों में दो सौ से अधिक गांव हैं बाढ़ प्रभावित
- नष्ट हुई थीं हजारों बीघा फसल किसान परेशान

**अमृत विचार:** पानी छोड़े जाने से नदियों के तटीय इलाकों के लोग भयभीत होने लगे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा दहशत दातागंज, सदर और सहसवान तहसील क्षेत्र के लोग में हैं। इन तहसीलों के दो सौ से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। पिछले साल आई बाढ़ के दौरान हजारों बीघा फसल नष्ट हो गई थी। कई के मकान उजड़ गए थे।

बाढ़ से प्रभावित लोगों को विस्थापित करने के दौरान मुआवजा दिए जाने का आश्वासन तो दिया गया, परंतु आज तक एक धेला भी मुआवजा नहीं मिल सका। अब इन गांवों में निवास कर रहे लोगों की जिंदगी में रहना, उजड़ना और फिर बसना एक हिस्सा सा बनकर गया है।

पिछले साल आई बाढ़ के दौरान गंगा नदी के कटान से दातागंज, सहसवान और सदर तहसील क्षेत्र दो से अधिक गांव प्रभावित हुए थे। सहसवान तहसील क्षेत्र के गांव नगला वीरसहाय, भमरौलिया, परशुरा नगला सहित अन्य कई गांव जल मग्न हो गए थे। गांवों में पानी भर जाने की वजह से इन गांवों के लोगों को गंगा महावा तटबंध पर शरण लेनी पड़ी थी। वहीं दातागंज तहसील क्षेत्र के गांव कमलू नगला, जटा प्रेमी नगला, जसवंत नगला, ठकुरी नगला, दल नगला, कमलईयापुर, रेपुरा, कदम नगला, बेहटी, भकरी, असमया रफतपुर, कोनिका नगला, दियोकली खास और बल्ले नगला सहित दो सौ से अधिक गांव रामगंगा और गंगा नदी में आई बाढ़ के दौरान जल मग्न हो गए थे। जिसमें 40 गांवों की स्थिति काफी खराब थी। संपर्क मार्ग कट गया था। फसल बाढ़ में समां गई थी। गांव टापू बन चुके थे। हजारों लोगों को बाढ़ की तबाही का मंजर झेलना पड़ा था। नरौरा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद फिर से बाढ़ के हालत बनने लगे हैं। ऐसी स्थिति बनने पर गांव के लोगों का कहना है कि बारिश आते ही हाथ पैर कांपने लग गए हैं। हर साल बाढ़ के पानी में हमारे अरमान बह जाते हैं, लेकिन सरकार की ओर से मुआवजा के नाम पर एक रुपया भी नहीं मिलता है। कहा कि पिछले साल आई बाढ़ के दौरान नदी के कटान से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। गांव बेहटी निवासी राम धुन, सेवाराम, मलखान और हरपाल का कहना है कि बाढ़ का पानी 15 दिन से अधिक घरों में भरा रहता है। खेतों में खड़ी फसलों में पानी भर जाता है। घरों में रखा अनाज व सामान बेकार हो जाता है। करीब एक महीने के बाद फिर से हम नए तरीके से जिंदगी शुरू करते हैं। कहते हैं कि हर साल बारिश आते ही कांपने लगते हैं, लेकिन सरकार की ओर से मुआवजा के नाम पर एक रुपया भी नहीं मिलता है। मात्र आश्वासन देकर दिलासा दे दिया जाता है।

> गंगा नदी के कटान फसलों का नुकसान होने पर आपदा प्रबंधन से हर साल मदद दी जाती है। बाढ़ में अगर किसी का घर कट जाता है तो पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभ दिए जाने का प्रावधान है। इसमें चयन करके उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। पिछले साल आधा दर्जन से अधिक लोगों को मुख्यमंत्री आवास का लाभ दिया भी गया है। इस बार बाढ़ के हालातों पर नजर बनी हुई है। किसी को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।
>
> **-डॉ वैभव शर्मा**, एडीएम वित्त एवं राजस्व

## एक नजर

### कांवड़ियों की राह सुगम करेगा पीडब्ल्यूडी

**बदायूं।** इसी माह 22 से कांवड़ यात्रा शुरू होगी। ऐसे में कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए जल्द ही गड्ढे भरने का कार्य शुरू होगा। बारिश की वजह से मुरादाबाद फर्रुखाबाद मार्ग, उसावां, ककराला, कुंवरगांव सहित देहात क्षेत्र के अधिकांश मार्गों की हालत खराब है। 22 जुलाई को कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि कावंडियों के गुजरने वाले मार्गों को चिह्नित किया जा रहा है। इन मार्गों के गड्ढे भरने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### कृत्रिम उपकरणों का पंजीकरण शिविर आज

**इस्लामनगर।** दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए इस्लामनगर विकास खंड कार्यालय पर छह जुलाई को पैमाइश जांच शिविर लगेगा। इच्छुक दिव्यांग सहायता उपकरण प्राप्त करने को सुबह दस बजे पहुंचकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार के निर्देश पर विकास खंड मुख्यालय पर दिव्यांग उपकरण पंजीकरण कैंप लगाया जा रहा है।

### आज तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस

**बदायूं।** छह जुलाई को संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में आयोजित होगा। जिसमें जिलाधिकारी मनोज कुमार अन्य अधिकारियों के साथ मौजूद रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुनने के बाद निस्तारण करेंगे।

# जनपद में दस से होगा सट्टा प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गन्ना किसानों की समस्याओं का होगा समाधान
- गन्ना पर्यवेक्षक गांव-गांव जाकर करेंगे निरीक्षण

**अमृत विचार :** जनपद में गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए 10 जुलाई से सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम होगा। इस दौरान गन्ना पर्यवेक्षक गांव-गांव जाकर गन्ना किसानों की समस्याएं जानेंगे। वह गन्ने के विकास, कीटनाशक छिड़काव के समय और छिड़काव के तरीके की जानकारी देंगे।

नवागत जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने शुक्रवार को बताया कि जनपद में 22 हजार हेक्टेयर रकबा पर गन्ना की खेती होती है। गन्ना किसानों को बारिश के दिनों में कीटनाशक का छिड़काव करना होता है। गन्ना में लगने वाली बीमारियों से बचाने के लिए विभाग समय-समय पर गन्ना सर्वे भी करता है। सट्टा कार्यक्रम के तहत विभाग के गन्ना पर्यवेक्षक गांव गांव जाते हैं। इस साल दस जुलाई से सट्टा प्रदर्शन किया जाएगा। सट्टा प्रदर्शन के दौरान बड़े गन्ना किसानों के खेतों में खड़ा गन्ना देखा जाएगा। गन्ने में कोई बीमारी तो नहीं है। या फिर बीमारी के लक्षण देखे गए हैं।

सट्टा प्रदर्शन में गन्ने का रकबा बढ़ाने पर जोर दिया जाता है। नए गन्ना किसान तैयार किए जाते हैं। जिन किसानों ने गन्ने की फसल छोड़ दी है उन्हे गन्ने की नई प्रजाति की जानकारी दी जाती है। नई प्रजाति से होने वाले फायदों के बारे में बताया जाता है। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

### सहफसली के लिए प्रेरित करेंगे

सट्टा प्रदर्शन के दौरान गन्ना पर्यवेक्षक गन्ना किसानों को सहफसली करने को प्रेरित करते हैं। गन्ने के खेत में दूसरी फसल को तैयार करने को सहफसली कहा जाता है। सहफसली से गन्ना किसानों को दोहरा लाभ होता है। गन्ने के खेत में दूसरी फसल जल्द तैयार हो जाती है, जबकि गन्ना एक साल में तैयार होता है। विभाग का मानना है कि सहफसली करने वाले किसान पिछले वर्ष करीब सौ से अधिक थे। जो इस साल कुछ अधिक बढ़ने की उम्मीद है।

> गन्ने के जिस पौधे की जड़ में लाल रंग बन रहा है उसे गन्ने का कैंसर माना जाता है। गन्ने के कैंसर की भी कोई खास दवा नहीं है। हालांकि कुछ दवाएं हैं जिससे कीट मर जाता है। फिर भी कैंसर पीड़ित गन्ने के पौधे को ही जड़ से उखाड़ कर फेंक दिया जाता है। कैंसर रोग गन्ने के लिए घातक है। इस तरह की बीमारियों से बचाने को सट्टा प्रदर्शन जैसे अभियान चलाए जाते हैं।
>
> **-अशर्फी लाल**, जिला गन्ना अधिकारी

# बच्चों ने कागज की नाव बनाकर की खूब मस्ती


कागज की नाव बनाकर पानी में चलाते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को मानसून दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा पीजी से केजी तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने छाता लेकर बारिश में खूब मौज-मस्ती की और बरसात के गीतों पर डांस भी किया। उन्होंने कागज की नाव बनाकर तैराना सीखा।

विद्यालय के डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि बच्चों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में तथा इससे बचने के उपायों के बारे में भी पता होना चाहिए। इस मौसम में बाहर की चीजों को खाने से बचना चाहिए तथा पौष्टिक आहार और उबला पानी पीना चाहिए। विद्यालय की निदेशिका साधना वार्ष्णेय ने बताया कि आज सबसे रोमांच और रोमांचकारी साहसिक मानसून दिवस मनाने के लिए बारिश नृत्य सबसे मुख्य था।

# परिषदीय स्कूलों के लिए किताबें आई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत 70 हजार से अधिक बच्चों के लिए विभाग को सवा लाख से अधिक किताबों की आपूर्ति नामित फर्म ने कर दी है। विभाग ने सवा चार लाख किताबों की मांग की थी। इनमें से 25 फीसद किताबें आने के बाद शेष 15 जुलाई तक आने की उम्मीद है। प्राप्त किताबों का सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद इन्हें स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा।

जिले में 2155 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें 3.16 हजार से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। कक्षा एक और दो में 70 हजार से अधिक का नामांकन हुआ है। अप्रैल में विभाग ने कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के लिए किताबें सभी विद्यालयों तक पहुंचा दी थीं लेकिन कक्षा एक और दो के 70 हजार बच्चों को किताबें नहीं मिल सकी हैं। किताबों की आपूर्ति न होने की वजह से किताबें बच्चों को नहीं मिल सकीं। अब शासन से नामित फर्म द्वारा कक्षा एक और दो की किताबें आनी शुरू हो गई हैं। विभाग की ओर से सवा चार लाख किताबों की डिमांड भेजी गई थी। इनमें से सवा लाख किताबें विभाग को प्राप्त हुई हैं। इन्हें नवादा स्थित गोदाम में रखा गया है। विभाग को प्राप्त किताबों का सत्यापन शनिवार से शुरू हो जाएगा। इसके बाद इन्हें ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर भेजा जाएगा। वहां से स्कूलों में वितरण कर दी जाएगीं।


नवादा स्थित गोदाम में रखी कक्षा एक और दो की किताबें। ● अमृत विचार

- विभाग ने कक्षा एक और दो के लिए की थी सवा चार लाख किताबों की मांग
- 2155 परिषदीय स्कूलों में 70 हजार से अधिक बच्चे कक्षा एक और दो में पंजीकृत

> कक्षा एक और दो की किताबें आने लगीं हैं। अभी तक सवा लाख किताबें प्राप्त हुई हैं। शेष किताबें 15 जुलाई तक आ जाएंगीं। प्राप्त किताबों का सत्यापन कार्य जल्द पूरा कराकर वितरण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
>
> **-पी सी श्रीवास्तव**, जिला समन्वयक (सामुदायिक)

# सड़क पर पानी भर जाने से आवागमन में दिक्कत

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** ग्राम मिचौना की मढैया में पानी का निकास न होने से सड़क पर बारिश का पानी भर जाने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मी काफी समय से गांव नहीं आया है, जिस कारण से नालियां चोक पड़ी हैं, और गांव के पानी का निकास न होने से पानी सड़क पर बह रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान भी गांव के विकास में कोई खास रुचि नहीं ले रही हैं। गांव में सरकारी प्राथमिक स्कूल भी है। स्कूल जाने वाले बच्चे एवं अध्यापक भी गंदे पानी में होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। शिकायत करने वालों में गांव के राजेंद्र, सौदान, राजू उमेश, रामेश्वर, रतीराम, गंगावासी, राकेश आदि लोग शामिल रहे।


गांव में भरा बारिश का पानी

# अब 24 घंटे में जारी होगा जाति प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लेखपाल की संस्तुति के बाद तहसीलदार लगाएंगे अंतिम रिपोर्ट
- डीएम के आदेश के बाद एसडीएम ने अधीनस्थों को जारी किए निर्देश

**अमृत विचार:** जाति प्रमाण पत्र के लिए अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आवेदन के 24 घंटे के अंदर लेखपाल की रिपोर्ट लगने के बाद तहसीलदार को अग्रसर करना होगा। रिपोर्ट से संतुष्ट होकर तहसीलदार दो दिन के भीतर प्रमाण पत्र जारी कर देंगे।

प्रमाण पत्र जारी होने से पूर्व कोई सत्यापन भी नहीं कराया जाएगा। आगे कोई आपत्ति होने पर उसे तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। इस संबंध में निर्देश डीएम मनोज कुमार ने सभी एसडीएम को दिए हैं। डीएम से आदेश मिलने के बाद एसडीएम ने अधीस्थों को आदेश का पालन करने निर्देश दिए हैं। जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आवेदन करना होगा। पोर्टल पर भरते ही आवेदक का नाम, जन्मतिथि और फोटो दिखाई देने लगेगा। सत्यापन के बाद अगर परिवार आईडी है तो उसे सर्वर स्वतः ही प्राप्त कर लेगा। यदि सक्षम अधिकारी उससे संतुष्ट है तो उसे जारी कर देगा। यदि एक ही परिवार के सदस्यों के अलग-अलग जाति प्रमाणपत्र जारी हुए हैं तो उसका पहले की व्यवस्था के तहत सत्यापन होगा और फिर उसे जारी किया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को आय प्रमाणपत्र जारी होने के तीन वर्ष की अवधि के भीतर ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आवेदन करने पर आय प्रमाण पत्र की संख्या भरनी होगी। इसके बाद तहसीलदार द्वारा आय प्रमाण पत्र को जारी किया जाएगा। जिसके आदेश डीएम ने सभी तहसीलों के एसडीएम को दिए हैं।

दरअसल स्कूल खुलने के बाद विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के द्वारा छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में आय, जाति और मूल निवास के लिए आवेदन किया जाता है। आवेदन करने के बाद विद्यार्थियों व प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले युवकों को बीस से 25 दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। आवेदन पोर्टल पर लंबित पड़े रहते हैं। जिसके चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ऐसी स्थिति में वह लेखपाल और तहसील के चक्कर लगाने के लिए विवश हो जाते हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए डीएम ने बिना सत्यापन के जाति प्रमाण पत्र दो दिनों के अंदर जारी करने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में एसडीएम सुखलाल वर्मा ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र बिना सत्यापन के दो दिनों जारी किए जाएंगे। इसके आदेश प्राप्त हो गए हैं। अगर गलती से गलत जाति प्रमाण पत्र जारी होता है तो उसे 24 घंटे के अंदर निरस्त कर दिया जाएगा। लेखपालों और तहसीलदार को आदेश से अवगत करा दिया है।

### किसानों को दी उन्नत खेती की जानकारी

**बदायूं।** कृषि विभाग के द्वारा गांवो में किसान पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जगत ब्लॉक के गांवों में पाठशाला का आयोजन कर कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत खेती के बारे में जानकारी दी। जगत ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगी किसान पाठशाला में कृषि विभाग के कर्मचारियों ने किसानों को धान की उन्नत खेती के बारे में बताया। कृषि अधिकारी डीके सिंह ने किसानों को बताया कि बिना जुताई किए हुए धान की उन्नत खेती की जा सकती है। इसके लिए उन्नत किस्म के बीज का प्रयोग करना आवश्यक है। कहा कि खरीफ मक्का फसल का उत्पादन 90 दिनों के अंदर कम समय में कम लागत से संभव है।







# आधार से कृषि भूमि लिंक करना बताया

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** कृषि भूमि को आधार से लिंक कर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए आठ जुलाई से गांव-गांव कैंप लगेंगे। इसके लिए एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ एसडीएम कल्पना जायसवाल ने किया। कार्यशाला में आधार को लिंक करने की जानकारी दी गई।

शुक्रवार को तहसील सभागार में पंचायत सहायक, किसान सहायक, लेखपाल को एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार ने बताया कि इस स्कीम के तहत किसानों सरकारी सुविधाएं, ऋण के सी सी, फसली ऋण, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि, आपदा सहायता, इसी के तहत आई डी फार्म जेनरेट कर दी जाएगी। इसमें किसान की कृषि भूमि की खतौनी, मोबाइल नंबर और आधार को जोड़ना होगा। तहसीलदार विजय शुक्ला ने बताया कि आठ जुलाई से रोस्टर अनुसार प्रत्येक गांव में कैंप लगाए जायेंगे। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अभियान की सफलता हेतु जुटने का आह्वान किया। मास्टर ट्रेनर नायब तहसीलदार सर्जन यादव ने आई टी से संबंधित जानकारी दी।


एक दिवसीय कार्यशाला में मौजूद एसडीएम कल्पना जायसवाल व अन्य।

# शीत गृहों से आलू निकासी करें किसान

**बदायूं, अमृत विचार:** बरसात की वजह से सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। आलू भी तीस रुपये किलो बिक रहा है। आलू का बाजार भाव अच्छा होने पर डीएचओ ने शीत गृहों से आलू की निकासी करते रहने की अपील की है। संचालकों को भी आलू निकालने के लिए प्रोत्साहित करने के आदेश दिए हैं।

जिले में 79 कोल्ड स्टोर संचालित हैं। इनमें तीन लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण किया गया था। भंडारण के समय बाजार में आलू का थोक भाव चार से पांच सौ रुपये बोरी था। अब थोक भाव 2100 से 2250 रुपये बोरी है।

# नीति आयोग के सदस्य ने दी योजनाओं के बारे में जानकारी


संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** नीति आयोग के माध्यम से आकांक्षी विकासखंड अंबियापुर में सम्पूर्णता अभियान का शुभारम्भ हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि नीति आयोग दिल्ली के सदस्य शोध अधिकारी राजेंद्र सिंह रहे।

अभियान कार्यक्रम के तहत चार विभागों स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी, ताकि आम जनता योजनाओं से लाभान्वित हो सके। नवागत बीडीओ सतीश कुमार ने सरकार की मंशा व्यक्त करते हुए आम जनता को आकांक्षी विकास खण्ड के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी दी गयी।


मां सरस्वती के चित्र के समय दीप प्रज्वलित करते नीति आयोग के सदस्य

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# तीन घंटे तक तड़पती रही आठ महीने की गर्भवती

## महिला चिकित्सक नहीं होने से हुई परेशानी, लगी लंबी लाइन, डेढ़ बजे चिकित्सक के आने पर हुआ हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में आठ महीने की गर्भवती महिला चिकित्सक नहीं मिलने पर शुक्रवार को तीन घंटे तक फर्श पर तड़पती रही। उसके परिजन चीखते-पुकारते रहे। देख लेने की गुहार लगाते रहे मगर उनकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं था। महिला को तड़पता देख अन्य महिलाओं की भी आंखें नम थीं। उन्होंने भी अस्पताल की बीमार व्यवस्था को खूब कोसा।

ग्राम प्रहलादपुर निवासी राकेश अपनी मां को लेकर आठ महीने की गर्भवती पत्नी जेवर कली के साथ शुक्रवार सुबह नौ बजे जिला महिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे। जेवर कली के पेट में तेज दर्द हो रहा था और वह दर्द से तड़प रही थी। उस समय ओपीडी में दर्जनों महिलाएं लाइन में खड़ी थीं। सुबह से दोपहर एक बजे तक एक भी महिला चिकित्सक ओपीडी में नहीं पहुंची। महिलाओं ने बताया कि सुबह से इंतजार कर रहे हैं। कई कर्मचारियों से डॉक्टर के बारे में पता किया तो किसी ने कुछ भी नहीं बताया। सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक 77 महिलाएं ओपीडी के बाहर खड़ी थीं। उसी भीड़ में जेवर कली को बिठा दिया गया। कुछ देर बैठने के बाद जेवर कली की हालत बिगड़ गई। वह दर्द से तड़पने लगी। उसके पति राकेश ने बताया कि यहां पर एक भी महिला चिकित्सक नहीं है। करीब तीन घंटे से इंतजार कर रहे हैं। कई अन्य महिलाएं भी बेहोश हो चुकी हैं, जिन्हें उनके परिजन बाहर लेकर गए हैं। महिलाओं ने कहा कि यहां पर गर्भवती महिलाएं ही आती हैं। उनका चेकअप करने वाली महिला चिकित्सक कभी समय पर नहीं बैठतीं हैं। जेवर कली की हालत बिगड़ने पर महिलाओं ने बीमार अस्पताल की बीमार व्यवस्था को खूब खरी खोटी सुनाई। महिलाओं ने बताया कि वह अपने छोटे बच्चों को घर पर छोड़ कर आईं हैं लेकिन तीन घंटे से अधिक का समय हो गया। अभी तक कोई चिकित्सक नहीं आया है। तीमारदारों ने भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब फिर से यहां नहीं आएंगे। यहां कोई देखने वाला नहीं है।



जिला महिला अस्पताल में ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की लाइन।



अस्पताल में खाली पड़ी महिला चिकित्सकों की कुर्सियां।



जिला महिला अस्पताल में दर्द से तड़प रही आठ माह की गर्भवती।

### हो गई कहासुनी

महिला चिकित्सक डा. आकांक्षा यादव जब करीब 1-30 बजे ओपीडी में पहुंची तो महिलाओं से उनकी कहासुनी हो गई। महिलाओं ने कहा कि वह घंटों से यहां पर बैठी हैं और आप अब निकल कर आ रही हैं। जिस पर डा. आकांक्षा यादव ने बताया कि वह कुछ समय के लिए बाहर गई थीं। अब आ गईं हैं और मरीजों को देख लेंगी। फिर भी महिलाओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ। महिलाएं हंगामा करती रहीं बाद में शांत हो गईं।

### कोई बताने को तैयार नहीं



सुबह नौ बजे से यहां पर बैठे हैं। एक भी महिला डॉक्टर नहीं है। इसलिए यहां पर इतनी भीड़ हो गयी। कोई बताने को भी तैयार नहीं है कि कोई डॉक्टर बैठेगा या नहीं। गर्मी में यहां परेशानी हो रही है।

**-ममता**, सुभाष चौक



भीड़ अधिक होने से चक्कर आए यहां पर भीड़ अधिक होने से चक्कर आने लगे हैं लेकिन डाक्टर अभी तक नहीं बैठे हैं। सीएमएस से पूछा तो बताया कि अभी आ रही हैं लेकिन एक बज चुका है। अभी तक कोई नहीं बैठा है।

**-पूजा**, लालपुल



कई महिलाएं वापस लौट गईंगांव से आए हैं। यहां एक भी महिला डॉक्टर नहीं है। महिलाएं इंतजार कर रही हैं। कई महिलाएं वापस लौट गईं। सरकारी अस्पताल की बीमार व्यवस्था मरीजों को अपने हाल पर छोड़ देती है।

**-विमला**, कुरऊ



अब वापस जा रहे हैं घर किसी तरह यहां तक आ पाए हैं। यहां सुबह से डाक्टर का इंतजार कर रहे हैं। कोई नहीं है। अब घर वापस जा रहे हैं, फिर किसी दिन आकर दिखाएंगे। गर्मी में परेशानी हो रही है।

**-अमरीन** -नाहर खां सराय

डाक्टर आकांक्षा यादव शुक्रवार को ओपीडी में मौजूद रहीं। वह कुछ समय के लिए बाहर चली गई थीं जिससे दिक्कत पैदा हो गई। वह फिर से ओपीडी में बैठीं। उन्होंने फिर से मरीजों को देखा, उसके बाद लगभग दो बजे तक मरीज देखे गए। आज कुछ अन्य महिला चिकित्सक अवकाश पर रहीं जिससे महिलाओं को कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा।

**-डा. इंदुकांत वर्मा**, सीएमएस

## पुलिस देखकर भागा चालक, 144 किलो डोडा छिलका बरामद

**बदायूं,अमृत विचार :** वाहन चेकिंग के दौरान चालक कार छोड़कर भाग गया जिसमें से एक कुंतल 44 किलो 100 ग्राम डोडा छिलका बरामद हुआ।

थाना कुंवरगांव के थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक इंतजार हुसैन गुरुवार रात खासपुर-करौतिया तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। खासपुर की ओर से एक कार आती नजर आई। पुलिस ने रोका तो चालक गांव करौतिया की ओर भागने लगा लेकिन कार एक खेत में फंस गई तो चालक उसे छोड़कर भाग गया। तलाशी लेने पर 14 बोरों में डोडा छिलका बरामद हुआ। पुलिस ने कार के अज्ञात चालक पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है। कार को सीज किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान हेड कांस्टेबिल विनोद कुमार गौतम, कांस्टेबिल सुमित कुमार, आबिद अली, मनजीत सिंह व आबिद रहे



पुलिस ने बरामद किया बोरों में भरा डोडा छिलका। ● अमृत विचार

### एक नजर

## सर्पदंश से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक की मौत

**बदायूं।** थाना हजरतपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमालपुर के मझरा गैगट नगला निवासी जैतराम (65) सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक थे। गुरुवार को वह अपने खेत पर फसल देखने गए थे। जिसके बाद वह वापस लौट नहीं लौटे। देर शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई और उनकी तलाश में रात 10 बजे खेत पर पहुंचे। एक ट्यूबवैल पर जैतराम का शव मिला। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## सांप के डसने से किसान की मौत

**बदायूं।** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव गैगट नगला निवासी जयंतराम गुरुवार को अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सांप ने डस लिया। वह बेसुध होकर खेत में गिर गए। आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## कॉलेज में बांटे गए स्मार्ट फोन



**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव सतेती स्थित स्वर्ण एकेडमी फॉर फ्यूचर एजूकेशन (सेफ) डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को 75 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे गये। क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को बेहतर शिक्षा दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। स्मार्ट फोन का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को डिजिटल बनाना है। कॉलेज के संचालक डा.विनय कुमार शर्मा, अदिति शर्मा, संजय शर्मा, वरुण मिश्रा, पुलकित सागर, सौरभ विद्यार्थी, विवेक पाल सिंह, राहुल माहेश्वरी, अनामिका आदि मौजूद रहे।

# किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

संवाददाता, दबतरा

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत मुसिया नगला के एक किसान की सरसों को सेल्स टैक्स के अधिकारियों ने पकड़ लिया और कोतवाली में रख दिया। पीड़ित किसान ने बिसौली के एसडीएम से शिकायत की है। उसने कहा कि यदि उसका उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो किसान आंदोलन को मजबूर होंगे।

ग्राम पंचायत मुसिया नगला निवासी सुशील कुमार ने शुक्रवार को एसडीएम बिसौली कल्पना जायसवाल को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह एक ऑटो से आठ क्विंटल सरसों वहजोई मंडी लेकर जा रहे थे कि सेल्स टैक्स वालों ने रोक लिया। खेती के कागज भी दिखाए लेकिन वह नहीं माने। उन्होंने सरसों को जप्त कर बिसौली कोतवाली में ले जाकर डाल दी। उन्होंने कहा कि यदि किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो पूरे इलाके के किसान सेल टैक्स विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने एसडीएम से कहा कि उसकी सरसों वापस दिलाई जाए।



एसडीएम को शिकायती पत्र देते सुशील कुमार।

## डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव भवन निवासी अरुण राघव पुत्र अवधेश कुमार गुरुवार को किसी काम से थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव रुदायन आए थे। काम निपटाने के बाद वह रात लगभग 10 बजे बाइक से वापस लौटकर घर जा रहे थे। कस्बा इस्लामनगर के पास बियोर तिराहे पर उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर युवक के परिजन पहुंचे। घायल को चंदौसी के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान अरुण की मौत हो गई। युवक के पिता अवधेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



अरुण का फाइल फोटो।

# सड़कों पर अतिक्रमण, जाम के झाम में फंसा कस्बा

संवाददाता, उझानी

- पालिका भी उदासीन, पुलिस नहीं करती कार्रवाई

**अमृत विचार :** ठेला खोमचा वालों की वजह से कस्बे में हर समय जाम लगा रहता है जिससे वाहन चालक घंटों फंसे रहते हैं। इससे स्थानीय लोगों को भी जूझना पड़ता है। अतिक्रमण की चपेट में आने के कारण लोगों को आने जाने के लिए बहुत कम जगह बचती है।

कस्बे के मुख्य मार्ग पर नो एंट्री नहीं होने से छोटे से लेकर बड़े सभी वाहन बेरोकटोक बाजार में आते जाते हैं। वीआईपी स्थान कही जाने वाला रेलवे रोड भी अतिक्रमण के चलते संकरी होती जा रही है। नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता से कस्बे का एक भी बाजार व्यवस्थित नहीं है। बेतरतीब लगे बाजारों में आए दिन भीड़ रहती है। दुकानदार सड़कों पर अतिक्रमण कर लेते हैं।

कछला रोड के हालात सबसे अधिक खराब हैं। घंटाघर से लेकर कश्यप पुलिया तक दो पहिया वाहन लेकर निकलने के लिए कभी कभी घंटों का समय लग जाता है। हलवाई चौक पर सड़क संकरी होने के कारण जाम लगा रहता है।कस्बे के मुख्य बाजार में जाम का झमेला हर समय रहता है।इसी तरह कश्यप पुलिया वाले रोड पर दिन में कई बार जाम लगता है। दूसरी ओर घंटाघर चौराहे तक वाहनों की कतार लगी रहती हैं। स्टेशन रोड पर ही कोतवाली, अस्पताल, नगर पालिका कार्यालय, एलआईसी कार्यालय हैं। इसके अलावा शहर के जाने माने उद्योगपतियों और राजनीतिज्ञों की कोठियां भी इसी रोड पर हैं। वाहनों की रफ्तार सुबह से शाम तक रुकने का नाम नहीं लेती है। कभी कभी तो पुलिस को भी बल प्रयोग करना पड़ता है।



सड़क पर जाम में फंसे दर्जनों वाहन ● अमृत विचार

### जितना सामान अंदर उतना दुकान के बाहर

कछला रोड, स्टेशन रोड, बिल्सी रोड, बदायूं रोड पर जाम लगाने में दुकानदार भी दोषी हैं। क्योंकि जितना सामान दुकान के अंदर होता है उससे ज्यादा सामान दुकानों के बाहर रखा होता है जिससे रोड पर निकलने में परेशानी होती है। आम आदमी के साथ ही पुलिस की गाड़ी भी जाम में फंसती हैं। फिर भी पुलिस अतिक्रमण कारियों से कुछ भी नहीं कहती है जिससे दुकानदारों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

### लंबे समय से नहीं चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

कस्बे में बेतरतीब बाजारों को लगाने में स्थानीय नगर पालिका प्रशासन भी दोषी है। पालिका की उदासीनता के चलते लोग कहीं भी सामान लेकर बैठ जाते हैं। जिससे आवागमन में दिक्कत होती है। कस्बे में लम्बे समय से अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाया गया है जिससे बाजारों में जाम की स्थिति बनी रहती है।

### कांवड़ मेला से पहले अतिक्रमण हटाना जरूरी

सावन में कांवड़ मेला शुरू होने वाला है। जो पूरे महीने चलेगा। बरेली, पीलीभीत से आने जाने वाले कांवड़ियों के जत्थे उझानी में बरेली मथुरा हाईवे से सीधे शहर में होकर निकलते हैं। इसके लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कांवड़ मेला से पूर्व पुलिस प्रशासन को कछला बदायूं रोड से फल ठेला, और फड़ वालों को हटाना होगा

कस्बे में कुछ सड़कों पर दुकानदारों ने सामान रख लिया है इसलिए जाम लगता है। अब इनके खिलाफ जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा। पालिका कर्मचारी जल्द ही इस पर काम करेंगे।

**-पूनम अग्रवाल** - अध्यक्ष नगर पालिका उझानी

# खड़े वाहन को दूसरे वाहन ने मारी टक्कर

संवाददाता, बिनावर

- सब्जी खरीदकर बरेली से बदायूं लौट रहा व्यापारी घायल

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर सब्जी से लदे वाहन का एक पहिया पंचर हो गया। चालक उसे राजमार्ग के किनारे खड़ा कर सही कराने गया था जबकि सब्जी व्यापारी उसके भीतर बैठा था। तभी तेज रफ्तार से आए टैंकर ने वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। लोडर वाहन खंती में जाकर पलट गया। व्यापारी घायल हो गया। सब्जी राजमार्ग पर बिखर गई। घायल व्यापारी को जिला अस्पताल भेजा। टैंकर को पकड़ लिया गया है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी राजकुमार सिंह पुत्र श्यामवीर सिंह का एक वाहन है जिसे वह स्वयं चलाते हैं। शहर के मोहल्ला जालंधरी सराय निवासी अनीस पुत्र मोहम्मद शफी ने उनका वाहन सब्जी लाने के लिए बुक किया था और वह शुक्रवार को बरेली से सब्जी लादकर बदायूं वापस लौट रहे थे। तड़के लगभग साढ़े चार बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र में राजकीय नर्सरी के पास वाहन पंचर हो गया। राजकुमार ने लोडर वाहन साइड में खड़ा करके उसका पहिया निकाला और पंचर सही कराने के लिए गांव विजय नगला गए थे। इसी दौरान बरेली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। वाहन खंती में पलट गया और सब्जी बिखर गई। उनका कहना है कि इससे लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लोडर में बैठे अनीस घायल हो गए हैं। लोडर वाहन को टक्कर मारने के बाद टैंकर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर पकड़ लिया है। घायल अनीस को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। राजकुमार सिंह ने टैंकर चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।



हादसे के बाद राजमार्ग किनारे खंती में पलटा वाहन और बिखरी पड़ी सब्जी।

## करंट लगने से दो नीलगाय की मौत

**कुंवर गांव,अमृत विचार :** हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से दो नीलगाय की मौत हो गई। वन विभाग टीम ने उन्हें मिट्टी में दफन करा दिया।

थाना कुंवर गांव क्षेत्र के गांव बाबट के पश्चिम दिशा में खाली पड़े खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का एक तार टूट कर जमीन पर पड़ा था। खेतों में घूम रहीं दो नीलगायें तार की चपेट में आ गईं जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण वीकेन्द्र शर्मा ने वन विभाग को सूचना दी जिसके बाद वन विभाग की टीम ने पशु चिकित्साधिकारी डा.संजीव भुइयार को बुलाकर दोनों का पोस्टमार्टम कराया। इस मौके पर वन दरोगा अशोक कुमार, व लईक मौजूद रहे।

# फंदे पर लटकता मिला छात्र का शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बरेली के कॉलेज से कर रहा था बीए
- शहर में कमरा लेकर कर रहा था तैयारी

**अमृत विचार :** किराए पर कमरा लेकर बीए कर रहे छात्र का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला। वह बरेली के कॉलेज से बीए कर रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव भकरौली निवासी कौशल शाक्य (19) पुत्र भीमसेन शहर में कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी में पुलिस चौकी के पीछे मीरा शर्मा के मकान में कमरा लेकर रहते थे। वह बरेली के एक कॉलेज से बीए दूसरे वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। साथ ही सेना की तैयारी में लगे थे। शुक्रवार सुबह देर तक कमरे से बाहर न आने पर मकान मालिक ने कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। शक होने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कमरा खोला तो उसका शव कुंडी पर फंदे पर लटका मिला। कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। छात्र के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि बरेली के कॉलेज में गांव से आने-जाने से परेशानी के चलते उसने 21 दिन पहले शहर में किराए पर कमरा लिया था। बताया कि घर पर किसी भी प्रकार का विवाद नहीं हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि छात्र की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



कौशल शाक्य का फाइल फोटो।

# दबतरा गांव में बंदरों की घुड़की से डरकर छत से गिरी महिला की मौत

संवाददाता, दबतरा

- झाड़ू लगाने गई थी महिला अचानक आ गए बंदर

**अमृत विचार :** झाड़ू लगाने छत पर गई महिला नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार बंदरों की घुड़की के चलते वह छत से नीचे गिरी थी।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव अतरपुरा निवासी मीना मौर्य (37) पत्नी महेंद्र मौर्य एक जुलाई की सुबह लगभग 11 बजे बारिश के समय झाड़ू लगाने छत पर गई थीं। परिजनों के अनुसार छत पर बंदरों का झुंड आ गया। मीना मौर्य ने उन्हें भगाने की कोशिश की तो उन्हें घुड़की देने लगे। वह अपना बचाव करने पीछे हटीं लेकिन छत से नीचे जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान गुरुवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। उनके बच्चे नीलेश, अनमोल, रामस्नेही का रो-रोककर बुरा हाल है। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सूचना पर पुलिस पहुंची और शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। पड़ोसी और रिश्तेदारों ने पीड़ित परिवार के घर जाकर सांत्वना दी। शनिवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।



मृतका मीना देवी।

## बांस बरोलिया में मनाई गई ऋषि महाराज की पुण्यतिथि

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरौलिया स्थित ऋषि आश्रम पर ऋषि महाराज जी की 43वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को यहां मनाई गई। आश्रम के अध्यक्ष वेदव्यास शर्मा के सानिध्य में पंडित संपूर्णानंद महाराज ने पूर्ण विधि-विधान के साथ हवन पूजन कराया गया। उनकी प्रतिमा की आरती की गई। साथ ही तिलक कर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान आश्रम पर भजन कीर्तन हुआ और सहभोज प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर अनिल माहेश्वरी, रामप्रसाद शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, उदयभान सिंह, मेहरबान सिंह भाटी, जयप्रकाश शर्मा, हरिओम, पवन शर्मा, राजवीर, आसाराम आदि रहे।

# संबद्धीकरण निरस्त, मूल विद्यालय जाने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बीएसए को दूसरे स्कूल में संबद्ध मिली शिक्षिका, अलग रजिस्टर में होते थे हस्ताक्षर
- अनुपस्थित शिक्षामित्र की सेवा समाप्त की कार्रवाई के लिए बीईओ को आदेश जारी

**अमृत विचार:** नवागत बीएसए ने शुक्रवार को जगत ब्लॉक के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। स्कूलों में बच्चों की संख्या कम मिली तो बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के आदेश दिए। एक स्कूल में कार्यरत शिक्षिका दूसरे स्कूल से संबद्ध पाई गई। उसकी उपस्थित अलग पंजिका पर लगने की जानकारी मिली। इस पर उसकी संबद्धता निरस्त कर मूल विद्यालय में पहुंचने के आदेश दिए। कई माह से अनुपस्थित चल रहे शिक्षामित्र को उन्होंने नोटिस जारी करने तथा उसका जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्त करने की कार्रवाई करने के लिए बीईओ को निर्देशित किया।

प्राथमिक स्कूल सिमरिया में पता चला कि वहां की प्रधानाध्यापिका सीमा गंगवार निलंबित हैं। वह पुनाऊ स्कूल में उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। सहायक अध्यापिका निधि मिश्रा संविलियन विद्यालय जगत से संबद्ध हैं। इनके हस्ताक्षर एक अन्य पंजिका पर कराये जाते हैं। उक्त अध्यापिका के संबद्धीकर आदेश बीईओ को दिए। शिक्षिका को मूल विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करने के लिए कहा गया। बीएसए ने प्राथमिक स्कूल करौलिया का निरीक्षण किया। वहां बच्चों की संख्या कम मिली। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को आदेशित किया। दूसरे विद्यालय में संबद्ध यहां शिक्षक को मूल विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए।

कादरचौक ब्लॉक प्राथमिक स्कूल सरफुद्दीनगला में शिक्षामित्र जमुना प्रसाद अनुपस्थिति पाये गये। बीईओ को शिक्षामित्र के लिए नोटिस दिए जाने का आदेश दिया। कहा कि यदि नोटिस के उपरान्त भी विद्यालय में उपस्थित नहीं होते है तो उनकी संविदा समाप्ति की कार्रवाई की जाए।



निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते बीएसए।

# दूसरे दिन भी बदायूं का दबदबा, आज समापन


कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस विभाग की तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में दूसरे दिन भी पुलिस विभाग की 27वीं अंतरजनपदीय कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म रेसलिंग की प्रतियोगिताएं हुई। दूसरे दिन भी बदायूं के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। आज प्रतियोगिताओं का समापन होगा।

बॉडी बिल्डिंग की पुरुष वर्ग के 55 किग्रा वर्ग में बदायूं के जितेश पहले व बदायूं के ही दिवेश दूसरे स्थान पर रहे। 600 किग्रा वर्ग में बदायूं के अजय पहले, सुमित बंसल दूसरे, 65 किग्रा वर्ग में बरेली के सिद्धार्थ पहले, संभल के अशोक दूसरे, 70 किग्रा वर्ग में बदायूं के प्रमोद पहले, बरेली के संदीप दूसरे स्थान पर रहे। 75 किग्रा वर्ग में बिजनौर के वतन को पहला, पीलीभीत के समध को दूसरा, 80 किग्रा वर्ग में अमरोह के कपिल को पहला, बदायूं के कोमेश को दूसरा, 85 किग्रा वर्ग में बदायूं के जियाउर्रहमान को पहला, पीलीभीत के सुमित भाटी को दूसरा, 90 किग्रा वर्ग में बिजनौर के अजीत भाटी को पहला, संभल के नितिन को दूसरा, 100 किग्रा वर्ग में पीलीभीत के सुमित को पहला, बदायूं के पवन कुमार को दूसरा और 100 किग्रा से ज्यादा वर्ग में अमरोह के परमजीत को पहला, बदायूं के विपिन को दूसरा स्थान हासिल हुआ। महिला वर्ग के 55 किग्रा वर्ग में बदायूं की पायल पहले व संगीता दूसरे, 55 किग्रा वर्ग से ज्यादा के भार में बदायूं की वर्षा पहले व सोनम दूसरे स्थान पर रहीं। आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में बदायूं के रोहित पहले, पीलीभीत के सतेंद्र शर्मा दूसरे, 60 किग्रा वर्ग में पीलीभीत के कपिल मलिक पहले, बदायूं के जितेश दूसरे, 65 किग्रा वर्ग में रामपुर के जितेंद्र पहले, बदायूं के इंद्रजीत दूसरे, 70 किग्रा वर्ग में बदायूं के प्रिंस कलशन पहले, शाहजहांपुर के कौशिक दूसरे, 75 किग्रा वर्ग में बदायूं के राहुल पहले, शाजहांपुर के विक्रांत दूसरे स्थान पर रहे। 80 किग्रा वर्ग में शाजहांपुर के निशाह हुसैन को पहला, बदायूं के शक्ति सिंह को दूसरा, 85 किग्रा वर्ग में पीलीभीत के रोहित राज का पहला स्थान रहा।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

# बच्चों ने लगाया जाम, हटा अतिक्रमण और नाला साफ

## स्कूल में घुस रहा था पानी और कीचड़, कई बार की गई थी शिकायत, सचिव ने नहीं लिया संज्ञान, गंदे पानी की वजह से बच्चे थे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नवादा चौराहे पर अतिक्रमण की वजह से नाले का गंदा पानी परिषदीय विद्यालय में जा रहा था। प्रधानाध्यापक की शिकायत के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने बरेली-मथुरा राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जिसके बाद पालिका के जिम्मेदार जागे और नालों का अतिक्रमण हटाकर साफ-सफाई कराई, तब जाकर बच्चों ने पढ़ाई की।

मामला बरेली-मथुरा राजमार्ग के नवादा चौराहे के पास का है। संविलियन विद्यालय आरिफपुर नवादा की चाहरदीवारी के बाहर दर्जनों दुकानें हैं। सभी दुकानदारों ने नाले के ऊपर पटिया डालकर कब्जा कर लिया है जिसके चलते नाले चोक हो गये हैं। नालों का गंदा पानी विद्यालय के मेन गेट से होते हुए भीतर जाता है। छात्र-छात्राओं को इस गंदे पाने से होकर गुजरना पड़ता है। विद्यालय परिसर में जलभराव के चलते कई बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते। इसके चलते प्रधानाध्यापक संजीव शर्मा ने नवादा गांव के सचिव से समस्या के निस्तारण की मांग की थी। आरोप है कि सचिव ने मामले को हल्के में लिया। कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते नाले का कीचड़ विद्यालय परिसर में आ गया तो छात्र-छात्राओं ने विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कतार में खड़े होकर जाम लगा दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। कुछ देर के बाद ही नवादा पुलिस चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंची और बच्चों तथा उनके अभिभावकों को समझाया। बच्चे पढ़ने के लिए विद्यालय चले गए। कुछ ही देर के बाद नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंच गई। दुकानदारों से उनका अतिक्रमण हटवाया।

विद्यालय के बाहर चाहरदीवारी के बाहर किया गया अतिक्रमण हटवाया और नाली साफ की। कुछ दुकानदारों ने विरोध की कोशिश की लेकिन अभिभावकों ने उन्हें समझाकर शांत करा दिया। टीम ने तकरीबन सौ मीटर दूरी से पटिया हटाकर साफ-सफाई की।


सफाई के बाद संविलियन विद्यालय आरिफपुर नवादा में पढ़ाई करते बच्चे।


जाम लगाते अभिभावकों को समझाते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार


बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कतारबद्ध खड़े संविलियन विद्यालय आरिफपुर नवादा के बच्चे। ● अमृत विचार


नगर पालिका की टीम ने छोटी मशीन से की नाले की सफाई। ● अमृत विचार


विद्यालय के गेट पर की गई सफाई। ● अमृत विचार


अतिक्रमण हटवाकर साफ-सफाई के दौरान मौजूद पालिका कर्मचारी व दुकानदार।


दुकानदारों ने नाले पर किया अतिक्रमण और बना दी दीवार।


विद्यालय परिसर में घुसा गंदा पानी और फंसा किताबें लाने वाला ट्रक।


दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाकर राजमार्ग किनारे रखा सामान।

### फंस गया किताबें लेकर आया ट्रक

बच्चे जाम लगाकर सड़क पर खड़े थे तभी एनसीआरटी की किताबें लेकर एक ट्रक विद्यालय परिसर में बने बेसिक शिक्षा विभाग के गोदाम पर पहुंचा और ट्रक से किताबें उतारकर गोदाम में रखीं। इसके बाद ट्रक कीचड़ में फंस गया। खासी मशक्कत के बाद चालक और कंडक्टर ने फंसा हुआ ट्रक बाहर निकाला।

> दुकानों के बाहर नालों पर अतिक्रमण की वजह से गंदा पानी विद्यालय में आ रहा था। बच्चे भी विद्यालय आने से परहेज कर रहे थे। ग्राम सचिव से कई बार शिकायत की लेकिन निस्तारण नहीं हुआ तो मजबूरन बच्चे और अभिभावकों ने यह कदम उठाया। अब नाले की सफाई हुई है। विद्यालय में पानी भी नहीं जा रहा है।
>
> – संजीव शर्मा, प्रधानाध्यापक

# कैंडल जलाकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि


कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

● हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़ के चलते हुई थी मौत लोगों ने जताई संवेदना

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला संख्या छह की साईं विहार कॉलोनी में गुरुवार रात हाथरस जिले में सत्संग के दौरान भगदड़ में हुई लोगों की मौत पर लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं के लिए कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रमोद कुमार, तरुण कुमार, आर्येंद्र कुमार, रूपकिशोर, ओमप्रकाश, विशाल सागर, नीरज बाबू, नवनीत कुमार, ऊषा, सुषमा, ममता, गुड्डों, पूनम, रश्मि, शशिलता, मधु सागर, हर्षिका राज, लवी राज आदि मौजूद रही।

# डा सत्यम मिश्रा बने अभाविप के जिला प्रमुख

**बदायूं, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग एक से चार जुलाई तक अलीगढ़ के मंगलायतन विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ। अभाविप के प्रांत अभ्यास वर्ग में बदायूं समेत 15 जिलों के लगभग 240 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बदायूं जिले के जिला प्रमुख का दायित्व दास कॉलेज के प्रोफ़ेसर डॉ. सत्यम मिश्रा को सौंपा गया। वहीं जिला संयोजक की ज़िम्मेदारी पुनः मोहित शर्मा को दी गई, जिला संगठन मंत्री के रूप में छात्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले जिला संगठन मंत्री विवेक जादौन को( बदायूं, सहसवान) विभाग का विभाग संगठन मंत्री को जिम्मेदारी दी गई। जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी धर्मेन्द्र बाहुबली और नमन गुप्ता को दी गई, विभाग छात्रा प्रमुख का दायित्व पायल गिहार को सौंपा गया।

# राहुल गांधी की फोटो जलाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओंकार सिंह तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की फोटो जलाए जाने की घटना को अलोकतांत्रिक बताते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि देश की संसद में विगत दिनों नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार व नीट यूजी की परीक्षा में अनियमितता और पेपर लीक का मामला उठाकर भाजपा का झूठा चेहरा उजागर किया था। भाजपाइयों ने वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के घर के सामने पुलिस के संरक्षण में राहुल की फोटो जलाने की कोशिश की। ये घटना देश की लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय व उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। शहर अध्यक्ष असरार अहमद ने भी संबोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर, जिला महासचिव इगलास हुसैन, शहर उपाध्यक्ष अकील अहमद उपाध्यक्ष, रफत अली, जिला सचिव वीरपाल, सोमवीर, अकील अहमद, सफदर, नसरुद्दीन, महबूब अल्वी, सत्तार, डॉक्टर नफीस आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह।

# दो पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज करने केआदेश

**उघैती, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर के कस्बा रुदायन निवासी मुकेश ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर एक युवक पर पुलिस से साठगांठ कर शराब और गैस की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि 17 फरवरी को वह मुकेश की दुकान पर पहुंचा। उसका मोबाइल, तीन हजार रुपये लूट लिए और मारपीट की। शिकायत की तो पुलिस ने अपने हिसाब से तहरीर लिख ली। शिकायत करने पर पुलिस ने पत्रकार पर ही दो रिपोर्ट दर्ज कर दी। 19 जून को गांव गंदरोली के पास प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह, दारोगा जगमेंद्र सिंह और उनके विरोधी लोगों ने घेर लिया।

# हत्या के 24 दिन बाद वायरल हुआ वीडियो

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भूमि विवाद में एक युवक की लाठी-डंडे और फावड़े से पीटकर हत्या कर दी गई थी। अब उसके साथ मारपीट करने का वीडियो 24 दिन के बाद सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। पुलिस ने दस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था लेकिन बाकी के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक के परिजनों ने एसएसपी से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी निवासी हरिराम का उनके गांव निवासी महेश, राजपाल, वीरेश उर्फ विजय पाल, संतोष से जमीन को लेकर पिछले लगभग एक साल से विवाद चल रहा था। 11 जून को हरिराम खेत से चारा लेकर लौट रहे थे। आरोप है कि राजपाल, वीरेश, महेश, संतोष, आशा पत्नी राजपाल, अनुज, प्रधान इरेंद्र, रिंकू, मुनेंद्र ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और बेरहमी से पीटा। पुलिस ने घायल हरिराम को सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की बेटी मीरा की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत दस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। हत्या के अब गुरुवार को मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें वह लोग बुरी तरह से हरिराम को पीटते नजर आए हैं। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत सिद्धार्थ ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# तकनीकी सहायक का ट्रांसफर, जांच के आदेश

**म्याऊं ,अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में तकनीक सहायक का बिसौली ब्लॉक में ट्रांसफर कर दिया। साथ ही टीम गठित कर जांच के आदेश कर दिए गए।

ब्लॉक म्याऊं में तैनात टीए प्रशांत वर्मा पर प्रधानों और रोजगार सेवकों ने धन उगाही सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोला है। वह डीएम से लेकर आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत कर चुके हैं। ब्लॉक मुख्यालय पर भी प्रदर्शन कर चुके हैं। ब्लॉक पर प्रदर्शन किए जाने के बाद तकनीकी सहायक ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर दी।

# बरेली के सिपाहियों पर बच्चा छीनने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के युवक ने पुलिसकर्मियों पर उसकी दो साल की बेटी को छीनने का आरोप लगाया है।

कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला ऊपरपारा निवासी मोहम्मद सलमान उर्फ चांद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। इसमें उन्होंने बताया कि दो मार्च 2017 को उनका निकाह बरेली के थाना किला क्षेत्र के मोहल्ला जुमरिया बाजार निवासी संदल खां की बेटी अफसाना से हुआ था। निकाह के पांच साल के बाद उन्हें बेटी हुई। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग संपत्ति के बंटवारे को लेकर उनपर बरेली में रहने का दबाव बना रहे हैं। आए दिन पत्नी में विवाद होता है। नौ जून को उनकी पत्नी जेवर लेकर बेटी को छोड़कर मायके चली गई थी।

आरोप है कि 28 जून को उनकी पत्नी के साथ बरेली के थाना किला और बदायूं शहर की लालपुल चौकी पर तैनात दो सिपाही उनके घर पहुंचे।घर पर उनके माता-पिता थे। पुलिसकर्मी उनके माता-पिता से उनकी बेटी छीनकर ले गए। उन्होंने कोतवाली सदर जाकर जानकारी करनी चाही तो पुलिस ने अनभिज्ञता जाहिर की। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किया जिसमें पुलिसकर्मी बच्ची को ले जाते नजर आए। सदर कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

| | |
|---|---|
| $30^0$ अधिकतम तापमान | $26^0$ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 07.15 |

**जिले में आज**

- शहर के हुल्का माता रानी के दरबार में आषाढ़ मेले के आरंभ पर धार्मिक अनुष्ठान सुबह नौ बजे से।
- सपूर्ण समाधान दिवस तहसील पटियाली के सभागार में सुबह 10 बजे से।
- जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस-2 पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- कृषक जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत वि.खं. सहावर परिसर में खरीफ मेला सुबह 10 बजे से।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# धूप कहीं छांव, दिन में कई बार मौसम ने बदला मिजाज

## गर्मी में बारिश दे रही राहत लेकिन बार-बार बदलते मौसम से खराब हो सकती है सेहत, संक्रामक रोगों का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कहीं धूप, कहीं छांव तो कहीं बूंदाबांदी। शुक्रवार को मौसम ने दिन भर में कई बार रूप बदले। कई जगह तो थोड़ी-थोड़ी दूर में ही मौसम के तीन रूप देखने को मिले। वैसे तो सुबह से ही धूप निकली थी। सूरज बादलों के साथ लुकाछिपी खेलते रहे। कभी आसमान पर छाते बादल तेज बारिश का संकेत दे रहे थे तो फिर अचानक बादल छट जाने से धूप दिखाई देने लगती। मौसम का यह परिवर्तन बीमारियों को आमंत्रण दे रहा है। संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ रहा है। मौसम का मिजाज हर रोज बदल रहा है।

कभी धूप हो रही है तो कभी छांव हो जाती है कभी काले बादल छाते हैं तो रिमझिम के साथ झमाझम बारिश भी होने लगती है। यह मौसम सेहत के लिए बेहतर नहीं बताया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे मौसम में सेहत के प्रति संवेदनशीलता बरतने की जरूरत है। लोग बारिश में भीगते हैं और धूप निकलने के बाद उमस से परेशान हो जाते हैं, जिससे संक्रामक रोगों से घिरने लगते हैं। हर हाल में सतर्कता बरतें। बच्चों को बारिश में न नहाने दें। मौसम के इस परिवर्तन में खान-पान का भी ध्यान रखा जाए।

शहर में धूप दिखाई दी तो पांच किलोमीटर दूर गांव नदरई में तेज बारिश हुई। सोरों क्षेत्र में सुबह बूंदाबांदी हुई। दोपहर को धूप निकली। शाम को फिर बादल छाए।



रिमझिम बारिश में छाता लेकर स्कूल जाते बच्चे। ● अमृत विचार



गांव मामो में धान की फसल में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### फसलों पर बरस रही संजीवनी

भले ही यह मौसम सेहत के लिए ठीक नहीं है, लेकिन फसलों पर संजीवनी बरस रही है। रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश से धान की फसल को फायदा मिल रहा है। जिले में धान के अलावा उड़द और मूंग की फसलों को भी फायदा मिल रहा है।

### जिला अस्पताल में बढ़ गई रोगियों की संख्या

बदलता मौसम सेहत के लिए ठीक नहीं है। जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या बढ़ गई है। 400 से 500 मरीज प्रतिदिन पंजीकरण करा रहे हैं। सीएमएस डा. संजीव सक्सेना ने बताया कि गंभीर रोग नहीं हैं। त्वचा रोग अधिक फैल रहा है। बताया कि आद्रर्ता वाले मौसम में यह रोग फैलता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि नहाने के बाद बदन पूरी तरह सूखा लें। नम कपड़े न पहनें। त्वचा रोग होने पर प्रशिक्षक चिकित्सक से ही दवा लेकर प्रयोग करें। यदि सेहत के प्रति संवेदनशील न रहे तो समस्या और भी बढ़ सकती है। सीएमओ डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह मौसम सेहत के लिए ठीक नहीं है। विशेष सावधानी बरतें। खानपान का विशेष ध्यान रखें। जरा सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। यदि कोई समस्या हो तो चिकित्सक का परामर्श तत्काल लें।



# बाहर गया था परिवार, ताला तोड़कर नगदी-जेवर चोरी

संवाददाता, सोरों

- 60 हजार की नगदी सहित लाखों के जेवरात ले गए चोर
- पुलिस ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, एफआईआर

**अमृत विचार :** मुहल्ला कटरा में बंद मकान का ताला तोड़कर चोर नगदी के अलावा जेवरात चोरी कर ले गए है। घटना के संबंध में गृहस्वामी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

मुहल्ला कटरा निवासी रूपकिशोर पुत्र कुंवरपाल सिंह परिवार सहित कस्बे से बाहर गए थे। घर पर ताला पड़ा हुआ था। मध्यरात्रि में चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर लिया। कमरों में अलमारी और संदूकों के ताले तोड़ डाले। उनमें रखे जेवरात तथा नकदी चोरी कर ले गए। रूपकिशोर वापस लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। घटना की जानकारी कोतवाली सोरों पुलिस को दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। रूपकिशोर के मुताबिक चोर उनके घर से 60 हजार रुपये की नगदी, पायल, चांदी की कटोरी, दीपक, एक चम्मच, सात चांदी के सिक्के, चांदी की ब्रेसलेट के अलावा दो सोने की अंगूठी चोरी कर ले गए हैं। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

### एक अन्य घर में भी चोरी

चोरों ने रूपकिशोर के पडोसी प्रवेश कुमार पुत्र रामप्रकाश के घर में भी चोरी की है। चोर प्रवेश के यहां से एक मोबाइल, पांच हजार रुपये की नगदी से भर पर्स, पायल एवं चांदी की अंगूठी चोरी कर ले गए हैं। प्रवेश कुमार ने भी पुलिस को तहरीर दी है।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, चालक घायल

**कासगंज।** थाना ढोलना के कस्बा बिलराम के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में बाइक सवार अजय निवासी बरौली थाना छर्रा घायल हो गए। उनके साथी सुभाष ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सुभाष ने बताया कि दोनों लोग बाइक से कासगंज अपनी रिश्तेदारी में आ रहे थे। घटना की सूचना पर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए।

# एसएसपी ने रोपा एक पौधा मां के नाम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- नई पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने लगाए फल, फूल व औषधिय के पौधे
- एसपी ने पौधा रोपित कर 7500 पौधे लगाने का लक्ष्य किया निर्धारित

**अमृत विचार :** वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को निर्माणाधीन पुलिस लाइन में पौधा रोपण किया गया। अभियान का आरंभ एसपी ने औषधिय का पौधा रोपित कर किया। पुलिस को 7500 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य दिया गया। एसपी ने निर्देश दिए पौधों का पोषण भी किया जाए।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने अभियान शुरू करते हुए कहा कि प्रत्येक थाने, पुलिस आवासों पर पौधों को रोपित करें। उन्होंने कहा कि 7500 नए पौधे लगाने हैं। यह लक्ष्य हर हाल में पूरा होना चाहिए। पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाने में सहायक होते हैं। पौधों को लगाना ही नहीं बल्कि उनका पोषण उससे अधिक जरूरी है। इस मौके पर एएसपी राजेश भारती सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने निर्माणाधीन पुलिस लाइन में फल, फूल छायादार औरऔषधि के पौधों को रोपित किया और पोषण का संकल्प लिया।



पौधे को सींचती एसपी अपर्णा रजत कौशिक साथ में एएसपी राजेश भारती।

### भाजपाइयों ने मां के नाम से लगाए पौधे



**कासगंज, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने जनपद के सभी मंडलों में बूथ स्तर तक पौधारोपण अभियान शुरू किया है। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने टीकमपुरा में अपनी मां के सामने मां के नाम से एक पेड़ लगाया। सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने भी अपने गांव में मां के नाम से पौधा लगाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के जीवन संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है।संयोजक रविन्द्र ब्रह्मचारी,डा. बीडी राना,नीरज शर्मा, महेंद्र सिंह राना, कौशल साहू, सुरेश माहेश्वरी, संजीव चौहान, रामगोविंद महेरे, राकेश अग्रवाल, रामनिवास राजपूत, अनुरोध प्रताप सिंह, हीरालाल कश्यप, कृष्णकांत वशिष्ठ,अखंड प्रताप सिंह, केके सक्सेना समेत अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से रातभर गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भीषण गर्मी में बेचैन हुए लोग, 24 घंटे बाद भी नहीं लग सका ट्रांसफार्मर

**अमृत विचार :** कस्बा अमांपुर में पुराने थाने के पास रखा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर गुरुवार की सुबह फुंक गया। लोग सारे दिन ट्रांसफार्मर बदलने का इंतजार करते रहे। आधे कस्बे की विद्युत आपूर्ति गुल रही। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुबह लगभग सात बजे ओवर लोडिंग के चलते पुराने थाने के पास रखा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया।आधे कस्बे की विद्युत आपूर्ति गुल हो गई। लोग बेचैन रहे और ट्रांसफार्मर बदले जाने का इंतजार करते रहे, लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका। परिणाम स्वरूप कस्बे के सर्राफा बाजार, एटा रोड, पुराना थाना, सुभाषनगर, जवाहर नगर, इन्द्रानगर सहित तमाम बस्तियों में अंधकार छा गया। लोगों ने सारी रात जाग कर काटी। उमस भरी गर्मी में मच्छरों ने सोना मुहाल कर दिया। 24 घंटे बीत जाने के बावजूद शुक्रवार सुबह भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। इंन्वर्टर जवाब दे गए। विद्युत उपकरण शोपीस बन गए। समरसेबल न चलने से लोगों को पेयजल संकट का सामना भी करना पडा। लोगों ने ट्रांसफार्मर बदलवाए जाने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।



कस्बा अमांपुर में गुरुवार की सुबह फुंका ट्रांसफार्मर।

# कार्यालयों में अनुपस्थित मिले अधिकारी और कर्मचारी, सीडीओ ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- गंदगी पर कर्मचारियों को दी चेतावनी, विकास भवन में कार्यालयों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** सीडीओ ने विकास भवन में विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कार्यालयों में गंदगी और अधिकारी व कर्मचारियों के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कर्मचारियों को समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए। साथ ही अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

सीडीओ सचिन ने शुक्रवार सुबह 10:20 बजे विकास भवन के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिला विकास कार्यालय, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण, अधिशासी अभियंता ग्रा.अ.वि., जिला ग्रामोद्योग, जिला सूचना अधिकारी कार्यालय, समाज कल्याण कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला लेखा परीक्षा, उपायुक्त सहकारिता, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कार्यक्रम आदि का निरीक्षण किया गया। स्टोर न होने के कारण अधिकतर सामान कार्यालय में ही रखा मिला जिस पर नाराजगी प्रकट की। समाज कल्याण अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता के वरिष्ठ सहायक अमित कुमार अनुपस्थित थे। विभिन्न कार्यालयों के एक अधिकारी दो कर्मचारी अनुपस्थित मिले। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की उपस्थिति पंजिका मंगाई जो कार्यालय ने उपलब्ध नहीं करायी। अवगत कराया गया कि पटल सहायक की अलमारी में बंद है। इस पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी, कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं आ रहे हैं। अनुपस्थित कर्मियों को दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। कहा कि यदि भविष्य में भी ऐसी स्थिति पायी जाती है तो वेतन रोकने के साथ ही विभागीय कार्यवाही के लिए संस्तुति की जाएगी।



विकास भवन में कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ सचिन। ● अमृत विचार

# शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता हुलका धान मिल रोड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- मोहल्ले में लगे खंभों पर नहीं लगी हैं स्ट्रीट लाइट
- आर्च कल्याण समिति ने अधिशासी अधिकारी को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार:** शहर के मुहल्ला नवाब में धान मिल रोड पर लगे पोलों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। शाम होते ही अंधकार छा जाता है। आर्च कल्याण समिति ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर पोलों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है।

ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी भेजी है।आर्च कल्याण समिति के मौलाना चांद मियां अल्वी बरगाती के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार से मुलाकात की। उन्हें बस्ती की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि मुहल्ला नबाब वार्ड नंबर 24 की हुलका धान मिल रोड पर पालों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है जिससे शाम होते ही बस्तियों में अधंकार छा जाता है। सड़कों पर कीचड़ और गड्ढों में पानी भर जाने से अंधेरे में घटनाएं हो रही हैं। कुछ पोलों पर लाइट लगी भी हैं तो वे नाकाफी हैं। उन्होंने सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को मांग के प्रति आस्वस्त किया है। ज्ञापन देने वालों आमिर, सादाब, सत्तार, अकील, अकरम तोसीफ, रियाज सीबू, फैजान, आशू, सलीम, चमन आदि लोग मौजूद रहे।

# घर के बाहर बैठी महिला के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**कासगंज, अमृत विचार :** घर के बाहर बैठी महिला के साथ मुहल्ले के ही युवक ने छेड़छाड़ की। पुलिस जांच कर रही है। थाना सिकंद्रपुर वैश्य के गांव कादरगंज निवासी महिला अपने घर के बाहर बैठी थी। आरोप है कि गांव का कामिल वहां पहुंचा और महिला को पकड़ लिया।

उसके साथ छेड़खानी की। महिला द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख आरोपी भाग गया। ससुर पीडिता को लेकर थाना सिकंद्रपुर वैश्य पहुंचे। थाना सिकंद्रपुर वैश्य के ब्रजपाल सिंह का कहना है कि पीडिता की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हाथरस हादसा: पीड़ितों की बढाएं सहायता राशि

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने हाथरस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। सहावर के उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर मृतकों के परिजनों और घायलों को दिए जाने वाली राशि को बढाए जाने की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ता सहावर तहसील पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित मांग पत्र एसडीएम कोमल पवार को दिया। ज्ञापन में मांग की है कि हाथरस में भोले बाबा के प्रवचन के दौरान भगदड़ मच जाने से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई और घायल हुए थे। प्रदेश सरकार ने मृतक आश्रितों को दो लाख और घायलों को मुआवजा दिए जाने की घोषणा की है, जो नाकाफी है। उन्होंने कहा है कि सरकार गरीब परिवार को दिए जाने वाले मुआवजा की राशि बढाएं साथ ही घटना के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। धीरेंद्र फौजी, मानपाल सिंह, आशु मिश्रा सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सहावर तहसील में एसडीएम कोमल पवार को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के नेता। ● अमृत विचार

# कोल्ड स्टोर से आलू निकाल मुनाफा कमाएं किसान

**कासगंज, अमृत विचार:** जिला उद्यान अधिकारी रविचन्द्र जयसवार ने बताया कि बाजार में आलू की आवक से ही बाजार भाव नियंत्रित होते है। जिले में 16 शीतगृह हैं जिनकी भंडारण क्षमता 104709.82 मीट्रिक टन है जिसके सापेक्ष 73999.52 मीट्रिक टन आलू भण्डारित है और 16290.00 मीट्रिक टन आलू की निकासी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सभी आलू उत्पादक किसानों एवं आलू भंडारणकर्ताओं से अपेक्षा है, कि अपना भंडारित आलू शीतगृहों से निकालते रहें। जिससे कि भविष्य में बाजार भाव कम होने की स्थिति में उन्हें नुकसान न हो। उन्होंने शीतगृहों के मालिकों से भी कहा कि किसानों को अपने स्तर से भी आलू की निकासी के लिए कहें।

# राष्ट्र ,समाज सेवा की विचारधारा से काम करें अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- नए कानूनों और उनके प्रावधानों की दी गई जानकारी
- अधिवक्ता परिषद की केशव भवन में हुई मासिक बैठक

**अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद की मासिक बैठक स्थानीय केशव भवन पर हुई। बैठक में नए कानूनों और उसके प्रावधानों पर चर्चा की गई। अधिवक्ताओं से राष्ट्र समाज और देश सेवा की विचार धारा के साथ विधि कार्य करने का आह्वान किया गया।

मुख्य अथिति आरएसएस के विभाग प्रचारक कुलदीप ने कहा कि ने अधिवक्ता समाज का बुद्धिजीवी वर्ग है। अधिवक्ताओं को राष्ट्र, समाज व देश सेवा की सोच व संस्कार के साथ अपने व्यवसाय को करना चाहिए। अधिवक्ता परिषद के संरक्षक डीजीसी क्राइम ठाकुर संजीव सिंह यदुवंशी ने कहा कि तन,मन,धन से अधिवक्ता को राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। अधिवक्ता परिषद के स्टडी सर्किल में अधिवक्ता को नए भारतीय कानूनों की जानकारी दी जाएगी। बैठक को विभाग व्यवस्था प्रमुख अमलेंदू शर्मा व जनपद न्यायालय इकाई अध्यक्ष नंदकिशोर पाथरे ने भी संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह एडवोकेट ने किया।बैठक में अध्यक्ष राकेश राजीव यादव, राजीव वशिष्ठ, सर्वेश गुप्ता एडवोकेट, गिराजाशंकर दुबे एडवोकेट प्रेमवीर सिंह एडवोकेट, शशिकांत पचौरी एडवोकेट, राहुल शर्मा, लोकेश यादव एडवोकेट, रोहित सक्सेना, विवेक राघव एडवोकेट, संदीप मिश्रा, अनिल सिंह, अंकित अग्रवाल, संजीव दरक, लोकेश शर्मा, जीतेश सिंह, हरिओम आदि शासकीय अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।



बैठक में नए कानूनों व उसके प्रावधानों पर विचार-विर्मश करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# दो लोगों को पकड़ा, कच्ची शराब बरामद की

**कासगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

थाना ढोलना इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी गुलाब सिंह निवासी महावर थाना ढोलना को गिरफ्तार कर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई।

वहीं कोतवाली पटियाली इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि अभियुक्त रामसेवक निवासी नगला मुन्शी थाना पटियाली से 12 लीटर शराब बरामद की । दोनों पर आबकारी अधिनियम के तहत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी है।

# विवाद की जड़ नांद एसडीएम ने हटवाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- नाद को लेकर दो पक्षों में था विवाद, एसडीएम ने दी हिदायत

**अमृत विचार :** कस्बा सिढ़पुरा के सुदामानगर में रास्ते पर बनी पशुओं की नांद को पुलिस प्रशासन की टीम ने हटवा दिया। दोनों पक्षों को एसडीएम ने शांति बनाए रखने अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की चेतावनी दी है।

मुहल्ला सुदामा नगर में रास्ते पर बनाई गई नांद को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद के चलते मार्च माह में बल्हारपुर निवासी राजू को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। तब से यह मामला और अधिक तूल पकड़ गया था। क्षेत्र के ही एक व्यक्ति द्वारा अनहोनी की आशंका जताते हुए सूचना प्रशासन को दी गई थी। साथ ही अनुरोध किया गया था कि इस विवाद को खत्म कराया जाए। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पटियाली के एसडीएम कुलदीप सिंह शुक्रवार को पुलिस और पटियाली के अधिशासी अधिकारी की टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने नांद के बारे में जानकारी ली और सार्वजनिक रास्ते पर बनी नांद को तुड़वा दिया। एसडीएम ने दोनों पक्षों को हिदायत दी। विवाद होने की स्थिति में दोनों पक्षों पर कार्यवाही की जाएगी।



सुदामापुरी में नांद को लेकर विवाद की सूचना पर पहुंचे एसडीएम कुलदीप सिंह।

